हरिभूमि
# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 13 मार्च 2026

06 राघौगढ़ प्रीमियर लीग-2 : युवाओं में दिखा ...

07 विश्व युद्ध की राह पर खड़ी दुनिया को रिषभदेव के सिद्धांतों की...




## समाचार संक्षेप

### जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण व गणना का प्रशिक्षण संपन्न



**गुना।** आगामी जनगणना 2027 के अंतर्गत गुना जिले में मकान सूचीकरण ब्लॉक के गठन हेतु जिला प्रभारी मनोज कनाडे एवं उनके सहयोगी राकेश मीणा द्वारा एक दिवसीय महत्वपूर्ण हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यशाला गुना में आयोजित की गई। प्रशिक्षण में चार्ज अधिकारियों एवं जनगणना लिपिकों को मकान सूचीकरण ब्लॉक के चिन्हांकन एवं सीमांकन के साथ-साथ अन्य तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। इस दौरान गणना कार्य से संबंधित प्रक्रियाओं, आवश्यक सावधानियों तथा पोर्टल पर कार्य करने की विधि से भी अवगत कराया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य को त्रुटिरहित तथा निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना है। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फील्ड में कार्य करते समय आने वाली व्यावहारिक समस्याओं एवं उनके समाधान के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लोक अदालत में छूट का लाभ उठाएं अगले वर्ष बकाया संपत्तिकर राशि दुगनी होगी

**गुन।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने बताया की नगर पालिका के करों में लोक अदालत दिनांक 14 मार्च को अधिभार में शासन द्वारा छूट का लाभ दिया जा रहा है, जिसका लाभ शहर वासी उठाएं और अपने बकाया करों का अधितकम भुगतान करें। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 25-26 की समाप्ति के पश्चात बकाया संपत्तिकर राशि में दुगना कर वसूला जाएगा। जिससे आम नगरीकों को आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी । दिनांक 14 मार्च को लगने वाली लोक अदालत में अपने संपत्ति कर, जलकर आदि अधितकम जमा कर छूट का लाभ उठाएं एवं अपने संपत्ति कर व जलकर का भुगतान कर शासन द्वारा प्रदान की जा रही छूट का लाभ लें और आर्थिक नुकसान से बचें।

### 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर कार्रवाई



**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सख्ती बरती जा रही है। इसी क्रम में शहर क्षेत्र में रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई।तहसीलदार गुना शहर श्री जी.एस. बैरवा ने बताया कि दिनांक 11 मार्च 2026 को रात्रि लगभग 9:30 बजे सूचना प्राप्त हुई कि संजोग गार्डन, गुना में डीजे तेज ध्वनि में बजाया जा रहा है। सूचना मिलने पर प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची, जहां डीजे को तेज आवाज में बजता पाया गया। इसके बाद डीजे को तत्काल बंद कराया गया। उक्त डीजे वाहन क्रमांक MP07 GA 2072 पर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए डीजे उपकरण जब्त कर कैंट थाना पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दिया गया।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कलेक्टर के आदेशानुसार जिले में रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार के लाउडस्पीकर, डीजे अथवा तेज ध्वनि वाले उपकरणों का उपयोग प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे ध्वनि प्रदूषण से संबंधित नियमों का पालन करें, जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करने का आग्रह किया गया है।

### धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर तंबाकू जागरूकता गतिविधियों का किया आयोजन



**गुना।** धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय गुना में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।
जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम विनीता सोनी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मरीजों एवं आम नागरिकों को धूम्रपान एवं अन्य तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा तंबाकू त्याग हेतु प्रेरित किया गया। सार्वजनिक स्थलों पर चेतावनी संदेशों वाले पंपलेट लगाए गए। साथ ही तंबाकू नियंत्रण अधिनियम के उल्लंघन पर मौके पर 4 व्यक्तियों पर कुल 200 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया।अस्पताल परिसर में तंबाकू का किसी न किसी रूप में सेवन कर रहे 41 व्यक्तियों को (टोबैको सेसेशन सेंटर) से (निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी) प्राप्त करने की सलाह दी गई, जिससे वे तंबाकू छोड़ने की दिशा में प्रभावी कदम उठा सकें। कार्यक्रम के क्रियान्वयन में जिला नोडल ऑफिसर के साथ नमिता खादीकर, इमरती वर्मा (मेट्रन), वर्षा माकोड, शैलेन्द्र सिंह, आदिल खान, मोनू जाटव, दीपक एवं शाकिर का सराहनीय योगदान रहा।

## 13 किमी दूर झरकापुरा आज भी सड़क से वंचित

# बारिश में बच्चों की पढ़ाई और मरीजों की जिंदगी पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा





चाचौड़ा मुख्यालय से करीब 13 किलोमीटर दूर झारकापुरा आज भी पक्की सड़क से वंचित है। यह बस्ती पीपल्या मोती ग्राम पंचायत के अंतर्गत आती है, जहां लगभग 30–40 घर और करीब 150 मतदाता रहते हैं।गांव में प्राथमिक विद्यालय तो संचालित है, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए बच्चों और शिक्षकों को कच्चे रास्ते और पगडंडी से गुजरना पड़ता है। बारिश के समय स्थिति और खराब हो जाती है, क्योंकि करीब 2 किलोमीटर पहले ही वाहन छोड़कर पैदल स्कूल जाना पड़ता है। कीचड़ और फिसलन के कारण कई बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाते, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है।ग्रामीणों का कहना है कि गांव में यदि कोई बीमार हो जाए या किसी महिला की डिलीवरी की स्थिति बने, तो मरीज को करीब 2 किलोमीटर तक कंधों पर उठाकर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। इसके बाद ही वाहन मिल पाता है। बारिश के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है।ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को समस्या बताई जा चुकी है, लेकिन अब तक सड़क निर्माण को लेकर कोई ठोस पहल नहीं हुई।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि झरका पुरा तक जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कराया जाए, ताकि गांव के लोगों को आवागमन, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं मिल सकें।

**इनका कहना है**

पीपल्या मोती पंचायत का झरका पुरा आवेदन प्राप्त हुआ उसके संबंध में सर्वे कराकर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी
**-संजीत श्रीवास्तव,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी चांचौड़ा



गुना। मकान टूटने पर विलाप करती महिला।



गुना। अतिक्रमण हटाने के दौरान पक्की नालियां भी तोड़ीं।

## बूढ़े बालाजी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने पर लोगों का आक्रोश फूटा

# कई परिवारों के घर-दुकान तोड़ डाले लोगों ने लगाया भेदभाव का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के बूढ़े बालाजी क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण को लेकर प्रशासन द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान ने कई परिवारों की जिंदगी को झकझोर कर रख दिया। प्रशासनिक अमले ने जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क किनारे बने कई मकानों और दुकानों के हिस्से तोड़ दिए। कार्रवाई के दौरान कई परिवारों की छतें उजड़ गईं और उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया। अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई के बाद प्रभावित लोगों ने प्रशासन पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई।

कई लोगों का कहना था कि कुछ चुनिंदा मकानों और दुकानों पर ही कार्रवाई की गई, जबकि आसपास के अन्य निर्माणों को नहीं हटाया गया। लोगों ने कहा कि वर्षों से यहां रहकर मेहनत-मजदूरी और छोटे व्यापार से अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे, लेकिन अचानक हुई इस कार्रवाई ने उनकी रोजी-रोटी छीन ली।



गुना। पहले बनाई सड़क और फिर हटा रहे अतिक्रमण।

कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में भावुक और मार्मिक दृश्य भी देखने को मिले। जिन परिवारों के घरों और दुकानों के हिस्से टूटे, उनके सदस्य मलबे के बीच सामान समेटते नजर आए। कई महिलाओं की आंखों में आंसू थे तो बच्चे भी डरे-सहमे दिखाई दिए। प्रभावित लोगों का कहना था कि यदि पहले से उचित व्यवस्था और वैकल्पिक स्थान की जानकारी दी जाती तो उन्हें इतनी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।स्थानीय निवासियों ने एक और गंभीर समस्या की ओर भी प्रशासन का ध्यान दिलाया। लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने के दौरान नाली को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे क्षेत्र में जल भराव की स्थिति बनने लगी है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि नाली की मरम्मत जल्द नहीं कराई गई तो बारिश या पानी के बहाव के समय क्षेत्र में गंदा पानी भर सकता है और लोगों को और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई जनहित को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। तहसीलदार गौरी शंकर बैरवा ने बताया कि टेकरी मार्ग पर हर वर्ष लगने वाले मेले के दौरान भारी भीड़ और वाहनों के कारण जाम की स्थिति बन जाती है। इसी के समाधान के लिए सड़क चौड़ीकरण की योजना बनाई है और उसी के तहत अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं है, बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और मेले के दौरान लोगों को जाम की समस्या से राहत दिलाना है।फिलहाल इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में प्रशासन और प्रभावित लोगों के बीच असंतोष का माहौल बना हुआ है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन उनकी समस्याओं को समझते हुए जलभराव जैसी समस्याओं का समाधान करेगा और प्रभावित परिवारों को भी राहत देने की दिशा में कदम उठाएगा।

## विधायक ऋषि अग्रवाल ने मांगी कंट्रोल रूम और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था

### फसल कटाई के बीच आग का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



रबी फसल के पककर कटाई के लिए तैयार होने के साथ ही खेतों में आगजनी की घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। ऐसे हालात में बमोरी विधायक इंजीनियर ऋषि अग्रवाल ने किसानों की फसलों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन को अलर्ट किया है। उन्होंने कलेक्टर को पत्र लिखकर बमोरी विधानसभा क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं पर त्वरित नियंत्रण के लिए अनुविभाग, तहसील और क्लस्टर स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा फायर ब्रिगेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।विधायक अग्रवाल ने पत्र में बताया कि इस समय क्षेत्र में रबी की फसलें पककर तैयार हैं और कई स्थानों पर कटाई का कार्य भी शुरू हो गया है। ऐसे समय खेतों में आग लगने की घटनाएं किसानों के लिए भारी नुकसान का कारण बन सकती हैं। हाल ही में करमदा, धरावला, कपासी, चक हनुमंतखेड़ा सहित कई गांवों में फसलों में आग लगने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि आग लगने की स्थिति में गुना से फायर ब्रिगेड पहुंचने में काफी समय लग जाता है, जिससे नुकसान और बढ़ जाता है।पत्र में उन्होंने सुझाव दिया कि आगजनी की घटनाओं पर निगरानी और त्वरित नियंत्रण के लिए अनुविभाग, तहसील और जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएं। साथ ही प्रत्येक स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर उनके मोबाइल नंबर सार्वजनिक किए जाएं, ताकि आपात स्थिति में तुरंत संपर्क किया जा सके।विधायक ने यह भी मांग की कि बमोरी मुख्यालय पर स्थायी रूप से फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाए और ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध पानी के टैंकरों को 24 घंटे पानी से भरकर तैयार रखा जाए। इससे आग लगने की स्थिति में तुरंत कार्रवाई कर किसानों की फसलों को बड़े नुकसान से बचाया जा सकेगा। उन्होंने प्रशासन से जल्द आवश्यक कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि समय रहते उचित व्यवस्था की गई तो आगजनी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा और किसानों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा।

## हाईवे पर ट्रक-कार की हुई टक्कर,दो गंभीर घायलों को पहुँचाया अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के थाना राघौगढ़ क्षेत्र में महाकाल पेट्रोल पंप के पास ट्रक और कार का एक्सीडेंट हो जाने से दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में दिनाँक 12-03-2026 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल राघौगढ़ थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया।डायल-112 स्टाफ सैनिक मुंशी लाल भील एवं पायलेट रवि शर्मा ने घटनास्थल पर पहुँचकर बताया कि हाईवे रोड पर ट्रक और कार की टक्कर हो जाने से कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी, दुर्घटना में एक युवक एवं युवती गंभीर रूप से घायल हो गए थे, डायल-112 जवानों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घायलों को एफ़ आर व्ही वाहन की मदद से सांडा अस्पताल में भर्ती करवाया। जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## ईंट भट्टे पर मिले पति पत्नी के सड़े गले शव, 8 माह की गर्भवती थी पत्नी पहले पत्नी की हत्या कर पति ने की आत्महत्या

**गुना ।** जिले के धरनावदा थाना अंतर्गत रूठियाई कस्बे में गुरुवार दोपहर एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। नेशनल हाईवे पर स्थित एक ईंट भट्टे के अस्थाई निवास में पति-पत्नी की लाशें मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। शव करीब तीन से चार दिन पुराने बताए जा रहे हैं, जो पूरी तरह डीकंपोज (सड़ चुके) होकर काले पड़ चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।जानकारी के अनुसार, मृतक दंपत्ति सूरज सहरिया (24) और उसकी पत्नी आरती अहिरवार (22) बजरंगगढ़ की बीसभुजा कॉलोनी के रहने वाले थे। दोनों करीब पांच-छह महीने से रूठियाई में राधेश्याम पारदी के पंचवटी ढाबे के सामने स्थित ईंट भट्टे पर मजदूरी का काम कर रहे थे। पिछले तीन-चार दिनों से जब दंपत्ति अपने कमरे से बाहर नहीं निकले और गुरुवार को वहां से असहनीय बदबू आने लगी, तब अन्य मजदूरों ने खिडक़ी से झांककर देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची, तो नजारा बेहद खौफनाक था। पत्नी आरती का शव जमीन पर फर्श पर पड़ा हुआ था, जबकि सूरज का शव फंदे पर लटका मिला। आरती करीब 8 महीने की गर्भवती थी। बताया जा रहा है कि दोनों पड़ोस में ही रहते थे और करीब एक साल पहले ही उन्होंने प्रेम विवाह किया था।प्रारंभिक जांच और शवों की स्थिति को देखते हुए पुलिस को आशंका है कि संभवतः पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ होगा। जानकारी के अनुसार सूरज की एक अन्य पत्नी बताई जाती है इसी को लेकर संभवतः दोनों में विवाद हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि सूरज ने पहले अपनी 8 माह की गर्भवती पत्नी की गला दबाकर या किसी अन्य तरीके से हत्या की होगी और उसके बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मौत की असली वजह और समय का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा।धरनावदा पुलिस के अनुसार, मामला प्रेम विवाह और आपसी तनाव से जुड़ा हो सकता है। पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है कि क्या कोई तीसरा व्यक्ति इस घटना में शामिल था या यह घरेलू कलह का खौफनाक परिणाम है। चूंकि शव 3-4 दिन पुराने हैं, इसलिए साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम की मदद ली जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या के बाद सुसाइड का लग रहा है, क्योंकि कमरा अंदर से बंद था। पुलिस ने शवों को गुना भेजकर पीएम कराया है।

## 14 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत के लिए जागरूकता अभियान

# वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत के प्रचार हेतु प्रचार वाहन रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में दिनांक 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहनो को हरी झंडी दिखाकर जिला न्यायालय परिसर से रवाना किया गया।

उक्त प्रचार वाहनों में विद्युत विभाग, नगर पालिका के वाहन सम्मिलित हुए। उक्त अवसर पर श वंदना त्रिपाठी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि उक्त प्रचार वाहनों द्वारा संपूर्ण गुना जिले की नगरीय सीमाओं, बाजार, मोहल्लों मे जाकर नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार कर आमजन को नेशनल लोक अदालत मे आपसी राजीनामा कर अपने न्यायालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु जागरूक किया जावेगा। दिनांक 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत मे जिला न्यायालयों एवं तहसील राघौगढ, चांचौडा. एवं




आरोन के न्यायालयों में 1093 लंबित प्रकरण एवं बैंक, विद्युत एवं नगर पालिका के 4200 प्रीलिटिगेशन प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये है। उक्त प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला स्तर पर 15 खंडपीठ एवं तहसील राघौगढ मे 05, चांचौडा. मे 03 एवं आरोन में 01 खंडपीठ का गठन किया गया है। उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित सिविल, आपराधिक, चैकबाउंस, क्लेम, भू अर्जन, पारिवारिक मामले, एवं अन्य प्रकृति के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही बैंक, विद्युत, बीएसएनएल के साथ ही नगर पालिका के जलकर, संपत्तिकर आदि से संबंधित प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा। आमजन दिनांक 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत मे अपने प्रकरणों का आपसी राजीनामा से निराकरण करा सकते है। इसके साथ ही उक्त लोक अदालत मे विद्युत कंपनी, बैंक एवं नगर पालिका द्वारा भी प्रदाय की जाने वाली छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।उक्त अवसर पर जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार सूर्यवंशी, ओ. पी. रघुवंशी, शैलजा गुप्ता, राघवेन्द्र भारद्वाज, राधाकिशन मालवीय, सोनाली शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री मधुलिका मुले सहित अन्य न्यायाधीशगण, सचिव अधिवक्ता संघ, सहित विद्युत एवं नगर पालिका के अधिकारीगण, लीगल एड डिफेंस कांउसेल सिस्टम के अधिवक्तागण, पैरालीगल वॉलेंटियर्स, जिला न्यायालय एवं जिला प्राधिकरण गुना कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### 80 शालेय दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किए गए



**आरोन।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में शासकीय शालाओं में अध्ययनरत कक्षा एक से आठ तक के शालेय दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन जनपद शिक्षा केन्द्र राघोगढ में किया गया। प्रभारी एम.आर.सी. शिवनारायण कुशवाह द्वारा शिविर में आये दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत एवं शिविर के उद्देश्य के बारे में बताया। शिविर में 80 शालेय दिव्यांग बच्चो को सहायक उपकरण जिसमें 03 ट्राय साईकल, 14 व्हील चेयर, 03 रोलेटर, 05 सी.पी. चेयर, 51 टी.एल. एम.किट, 32 कान की मशीन, 01 ब्रेल किट, 12 एल्बो क्रच,का वितरण किया गया। एलिमको से अधिकृत सदस्यों में नीरज मौर्य जी ऑडियोलॉजिस्ट, दीपक कुमार जी द्वारा सहायक उपकरण के उपयोग एवं रखरखाव के बारे में बताया गया एवं लगा कर भी दिखाया। शिविर में साजिद मसूद कुरेशी सहायक परियोजना समन्वयक आई. ई. डी. द्वारा पंजीयन एवं उपकरण हेतु पात्र बच्चों की जानकारी ली गई तथा अभिभावकों से अनुरोध किया कि बच्चो को प्रदाय उपकरणों का नियमित उपयोग कराये तभी बच्चो को लाभ प्राप्त होगा कार्यक्रम का संचालन आनंद श्रीवास्तव एम आर सी द्वारा किया गया। शिविर में जनपद शिक्षा केंद्र के चंद्रलेश श्रीवास्तव, सुरेंद्र चंदेल, विनोद शर्मा, श्रीकृष्ण लोधा, उमेश साहू,नरेश कुमार वास्त्रि, दिनेश प्रजापति, श्रावण कुमार सुमन, रामगोपाल केवट, घासीराम कुशवाह, आकाश कुशवाह, रतन सिंह ठाकुर का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### पांच पंचायतों एवं तीन नगर विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न




**राघोगढ़।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था मंगल सेवा समिति के द्वारा पंचायत भवन आवन एक दिवसीय प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि बनवारी लाल लोधा, प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती राजकुमारी वास्त्री के मुख्य आतिथ्य में संपन्न की गई, जिसमें ब्लॉक समन्वयक द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की अवधारणा, आदर्श ग्राम एवं सामाजिक समरसता के भाव के साथ समग्र ग्राम विकास पर जोड़ दिया, तथा परामर्शदाता महेश कुमार शर्मा द्वारा दस्तावेजी कारण विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया, वरिष्ठ कृषक उधम सिंह लोधा द्वारा जैविक एवं प्राकृतिक कृषि की तकनीकी जानकारी प्रदान की, संस्था सचिव सुरेश केवट द्वारा नशा मुक्ति, संस्कार केंद्र, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण आदि विषय पर प्रशिक्षण दिया गया, तत्पश्चात उपस्थित सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किए गए आभार किशोर कुमार नरवरिया द्वारा व्यक्त किया गया।

# राघौगढ़ प्रीमियर लीग-2 : युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह, वार्ड 4 और वार्ड 11 ने दर्ज की अपनी जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़




राघौगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता “राघौगढ़ प्रीमियर लीग–2” में नगर के युवाओं का उत्साह लगातार देखने को मिल रहा है।

विधायक जयवर्धन सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट में नगर के सभी 24 वार्डों की टीमें भाग ले रही हैं, जिससे पूरे शहर में खेल का माहौल बना हुआ है।

**आईटीआई ग्राउंड पर रोजाना हो रहे 4 मुकाबले**

प्रतियोगिता का आयोजन आईटीआई ग्राउंड राघौगढ़ में किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में दर्शक मैचों का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। टूर्नामेंट के तहत रोजाना चार मुकाबले खेले जा रहे हैं, जिससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का भरपूर अवसर मिल रहा है।

**वार्ड 4 ने वार्ड 2 को हराया**

एक रोमांचक मुकाबले में वार्ड क्रमांक 4 और वार्ड क्रमांक 2 की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। पहले बल्लेबाजी करते हुए वार्ड 4 की टीम ने निर्धारित ओवरों में चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वार्ड क्रमांक 2 की टीम 20 ओवर में लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी और पूरी टीम ऑलआउट हो गई। इस तरह वार्ड क्रमांक 4 ने शानदार जीत दर्ज की।

**उमेश साहू बने मैन ऑफ द मैच**

मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए वार्ड 4 के उमेश साहू को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं वार्ड 13 के अनुराग नायक को भी अच्छे प्रदर्शन के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के एक अन्य मुकाबले में वार्ड क्रमांक 11 की टीम ने वार्ड क्रमांक 18 को हराकर जीत अपने नाम की।

**युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने का प्रयास**

आयोजकों के अनुसार इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को दी जाने वाली सभी पुरस्कार राशि विधायक जयवर्धन सिंह द्वारा प्रदान की जा रही है, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह और भी बढ़ गया है।

# आवन में स्वच्छता व नशा मुक्ति रैली, नुक्कड़ नाटक से दिया आमजन को जागरुकता संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

हिन्दुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग, राघौगढ़ द्वारा आयोजित एनएसएस के सात दिवसीय आवासीय शिविर के तीसरे दिन ग्राम आवन में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली तथा स्वच्छता और नशा मुक्ति विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को जागरूक किया।बौद्धिक सत्र में रवीन्द्र कुशवाह, एसडीओ (लोक निर्माण विभाग), राघौगढ़ ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पहले स्वयं को योग्य बनाएं और जिस भी क्षेत्र में जाएं, वहां अपनी सेवाएं ईमानदारी और कर्मठता से दें।कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम प्रभारी ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो. रश्मि जैन, प्रो. पूजा मिश्रा तथा लक्ष्मण उपस्थित रहे।




# शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ में एनएसएस शिविर में डिजीटल युग की चुनौतियों पर हुआ बौद्धिक सत्र

**राघौगढ़।** शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम श्रीपुरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। दिन की विषय-वस्तु “डिजिटल युग की चुनौतियाँ” रही, जिसके अंतर्गत एक बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया।इस अवसर पर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय राघौगढ़ के प्राचार्य डॉ. के. आर. देहेरिया मुख्य अतिथि तथा पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के ही राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी कैलाश सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्य के आर डेहरिया ने अपने उद्बोधन में वर्तमान समय में उभर रही डिजिटल तकनीक से संबंधित चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को सजग एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी।वहीं विशेष अतिथि कैलाश सैनी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, कर्तव्यों तथा आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को योजना के गीत और नारों के माध्यम से समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।शिविर के अंतर्गत प्रातः स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई तथा शिविर स्थल एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता कार्य किया गया। इसके साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में जाकर सर्वेक्षण किया गया, जिसमें ग्रामीणों से डिजिटल साक्षरता, मोबाइल उपयोग तथा डिजिटल धोखाधड़ी से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई और उन्हें जागरूक भी किया गया।शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में भजन का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य डॉ. माया परस्ते, और पूरा स्टाफ और सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी हीरालाल पटेल ने किया। जिसमें समिति के सदस्य सुश्री प्रतिभा दुबे, डॉ. विजय सिंह कुशवाह एवं प्रकाश चंद्र तामरे जी का विशेष सहयोग रहा।




# महिलाओं ने मां शीतल को लगाया बसोड़ा का भोग, मांगी सुख समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा



चाचौड़ा चंपावती के प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर पर शीतला सप्तमी के पावन अवसर पर महिलाओं ने विधि विधान से शीतला माता की पूजा अर्चना की और पारंपरिक रूप से बसोडा (ठंडा भोजन ) का भोग लगाया और यह पर्व श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया । परंपरा के अनुसार इस दिन किसी भी घर में चूल्हा नहीं जलाया जाता है महिलाओं ने संतान की सुख समृद्धि स्वास्थ्य रक्षा व परिवार की खुशहाली के लिए शीतला माता मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई । प्रातः 4 बजे से ही शीतला माता मंदिरों पर महिलाओं के द्वारा पूजा अर्चना आरंभ कर दी गई थी ने बताया कि शीतला सप्तमी और अष्टमी के दिन माता शीतला के पूजन का विधान है जिन्हें मां पार्वती का स्वरूप माना जाता है।शीतला माता मंदिर पर प्रातः काल से ही शीतला माता की पूजन के लिए महिलाओं की भीड़ लगी रही माता की पूजा के लिए प्रातः काल से ही महिलाओं ने सोलह सिंगार कर शीतला माता मंदिर पर पहुंच कर मां पूजन शुरू हो गई थी इससे पूर्व सोमवार की शाम को माता की पूजन के लिए महिलाओं ने बसोड़ा व व्यंजन बनाए सुबह बसोडा पकवान गूंजें मीठे चावल पकोड़े आटे के बने सामन व पूजन सामग्री आदि से माता की पूजन कर घर परिवार में सुख समृद्धि के लिए कामना की नगर सहित आसपास क्षेत्र में साल में एक बार रंग पंचमी के दूसरे दिन शीतला सप्तमी को माता जी की पूजा-अर्चना की जाती है पूजा के पश्चात बासी (ठंडा) खाना ही माता को भोग लगाया जाता है जिसे बसोड़ा कहा जाता है वही बासी भोजन प्रसाद के रूप में खाया जाता है वर्षों से चली आ रही यह परंपरा के तहत इस दिन घरों में ताजा भोजन नहीं बनाया जाता है मान्यता है कि यह व्रत परिवार को चेचक खसरा और अन्य मौसमी बीमारियों से बचाता है शीतला माता की पूजन करने के बाद महिलाएं घर आकर मुख्य द्वार पर हल्दी के छापे लगाएं व स्वास्तिक भी बनाया जिससे घर में सुख समृद्धि बनी रहे परिवार के लोगों ने मंगलवार को ठंडा भोजन किया सनातन धर्म में माता शीतला को सभी मनोकामनाओं की पूर्ति करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है माता शीतला ठंडक प्रदान करने वाले देवी कहा गया है इनकी उपासना से आरोग्य का वरदान भी प्राप्त होता है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिवस पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**आरोन।** राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय महाविद्यालय आरोन के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिवस पर मतदाता जागरूकता विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनएसएस जिला संगठक प्रो. हिंदू सिंह धाकड़ उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत स्वयंसेवकों द्वारा पुष्पमाला एवं तिलक लगाकर किया गया।बौद्धिक सत्र में प्रो. हिंदू सिंह धाकड़ ने विद्यार्थियों को एनएसएस के माध्यम से होने वाले व्यक्तित्व विकास के बारे में विस्तार से बताया।

# मधुमक्खी पालन कार्यशाला आयोजित

**अशोकनगर।** पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर के इको क्लब के तत्वावधान में तथा कृषि विज्ञान केंद्र, अशोकनगर के सहयोग से दो दिवसीय मधुमक्खी पालन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को मधुमक्खी पालन की वैज्ञानिक तकनीकों,उसके व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा स्वरोजगार की संभावनाओं से अवगत कराना था। कार्यशाला के प्रथम दिवस को महाविद्यालय के चयनित विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान केंद्र, अशोकनगर ले जाया गया, जहां उन्हें मधुमक्खी पालन का प्रत्यक्ष प्रशिक्षण (हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग) प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को मधुमक्खी के छत्तों की संरचना, प्रबंधन, शहद उत्पादन तथा मधुमक्खियों की देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उन किसानों से भी संवाद करने का अवसर मिला जो लंबे समय से मधुमक्खी पालन का कार्य कर रहे हैं। किसानों के अनुभवों से विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। कार्यशाला के द्वितीय दिवस को कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी. एस. गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मधुमक्खी पालन की आधुनिक तकनीकों एवं इसके महत्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने विशेष रूप से मधुमक्खियों की परागण (पॉलिनेशन) में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मधुमक्खियाँ कृषि उत्पादन बढ़ाने और जैव विविधता के संरक्षण में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। इस अवसर पर डॉ. वी. के. जैन ने विद्यार्थियों को मधुमक्खी पालन को उद्यमिता के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यदि विद्यार्थी इसे व्यवसाय के रूप में प्रारंभ करना चाहते हैं तो उन्हें एफएसएसएआई तथा एफएओ जैसे आवश्यक लाइसेंस प्राप्त करने होते हैं, जिससे वे अपने उत्पाद का उचित विपणन कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मधुमक्खी पालन के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करने के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया। वहीं डॉ. त्रिवेदी ने मधुमक्खियों के प्राणीशास्त्रीय पहलुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए मधुमक्खियों की विभिन्न प्रजातियों, शहद की संभावित उपज तथा मधुमक्खियों के जीवन चक्र के बारे में विद्यार्थियों को समझाया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जागरूक भी बनाते हैं।






# संयुक्त निरीक्षण दल ने किया बायोगैस संयंत्र निर्माण स्थल का चयन

**ईसागढ़।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अशोकनगर राजेश जैन द्वारा दिए गए के निर्देश के पालन में ग्राम पंचायत खिरियादेवत की गौशाला प्रांगण में स्वीकृत वायोगैस संयंत्र चयनित निर्माण स्थल का अवलोकन कर तकनीकी वारीकियों और संचालन संबंधी पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की,

जवाहर नवोदय विद्यालय खिरियादेवत के प्राचार्य बी.एस.गौतम के साथ संवाद कर विद्यालय की मैस में भोजन पकाने के लिए बायोगैस का उपयोग संबंधी चर्चा की,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद ए.पी.प्रजापति, जिला समन्वयक एसबीएम सरिता बंसल, सहायक यंत्री एम.एस.रघुवंशी,विकासखण्ड समन्वयक सतपाल सिंह जाट, ग्राम पंचायत खिरियादेवत के सरपंच शीलावाई आदिवासी, सचिव शशि कुमार मुदगिल, जीआरएस सत्येंद्र यादव, गौशाला संचालक सहित उपस्थित दल ने निरीक्षण कर स्वच्छ ऊर्जा, स्लेरी का जैविक खेती में उपयोग,गौशाला विस्तार व स्व सहायता समूह का क्षमतावर्धन एवं निर्माण एजेंसी को नियमानुसार समय सीमा में कार्य प्रारंभ कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लक्ष्य से अवगत कराया।

### बेटी से दुष्कर्म करने पर पिता पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** एक कलयुगी पिता ने अपनी ही बेटी के साथ दो बार दुष्कर्म किया, अब बेटियां ही अपने घर में सुरक्षित नहीं है। पीड़िता की शिकायत के बाद मुंगावली पुलिस ने आरोपी पिता पर मामला दर्ज किया है। जिसके बाद से आरोपी पिता फरार हो गया है। इस दौरान पीड़िता मुंगावली थाने में अपनी मां और मौसी के साथ पहुंची, जहां उसने बताया कि उसके पिता द्वारा उससे रेप किया गया है, इस दौरान पुलिस को पीड़िता ने बताया कि उसके पिता ने अक्टूबर माह में पहली बार उसके साथ दुष्कर्म किया था। उस समय उसकी मां दूसरे कमरे में सो रही थी और भाई घर पर नहीं था। तब वह डर की वजह से चुप रही। जिसका लाभ पिता ने उठाते हुए फरवरी माह में उसके साथ तब दुष्कृत्य किया जब वह अपनी मां के पास सो रही थी, तब आरोपी पिता उसे सोते में दूसरे कमरे में उठा ले गया, जहां उसके साथ रेप किया। मां और मौसी थाने पहुंची, जहां पीड़िता द्वारा शिकायत की गई। आरोपी पिता मजदूरी का काम करता है और उसकी उम्र 40 साल है जब लड़की थाने जा रही थी तब उसे जाने से रोका भी गया।

# विमर्श जागृति मंच की नवीन कार्यकारिणी हुई घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

विमर्श जागृति मंच की सत्र 2026-27 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन विगत दिन वरिष्ठ सदस्यों की सहमति से किया गया।

इसमें विमर्श जागृति मंच के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय सिंघई ने कार्याध्यक्ष विशाल जैन बाँझल ,उपाध्यक्ष प्रमोद जैन मोहरी एवं चंद्रेश जैन रिंकू भारत, मंत्री जितेंद्र जैन शिक्षक, सहमंत्री डॉ.नीलेश जैन मोनू महावीर जैन तारई शिक्षक, कोषाध्यक्ष सौरभ जैन तारई, संगठनमंत्री सिद्धार्थ जैन शालू भारत प्रचार मंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन को मनोनीत किया। उन्हें राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष विमर्श जागृति मंच सुभाष जैन कैंची राष्ट्रीय उप मंत्री विनोद भारिल्ल, प्रचार मंत्री एस. के. जैन ,तत्काल पूर्व अध्यक्ष अनूप बाबू, प्रसन्न महिदपुर, अतुल बंसल,चंद्रेश बतेशा ने बधाइयां देते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

नवनियुक्त अध्यक्ष संजय सिंघई ने कहा कि आप सबने मुझे आशीर्वाद देकर इस पद पर मनोनीत किया है। में पूरा प्रयास करूंगा कि सँस्था प्रगति के पथ पर अग्रसर रहते हुए पीड़ित मानवता की सेवा के कार्यो में और अधिक सक्रियता से कार्य करे।

# अशोकनगर जिले के युवाओं को अग्निवीर सेना भर्ती में रोजगार के अवसर

**अशोकनगर।** भारतीय सेना में अग्निवीर पदों भर्ती के लिए आवेदन जारी 01 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन, जून में होगी कॉमन एंट्रेंस परीक्षा। अशोकनगर। सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय सेना में अग्निवीर पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना को जारी की गई है। यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जिले के युवाओं से अपील की है कि भारतीय सेना भर्ती होकर देश की सेवा करने का सुनहरा मौका है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी से प्रारंभ हो गई है, जो 01 अप्रैल 2026 तक खुली रहेगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार अग्निवीर पुरुष (जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमैन दसवीं पास, ट्रेडमैन आठवीं पास), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी।

**जून में एंट्रेंस परीक्षा**

भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 01 जून से 10 जून 2026 के मध्य आयोजित किए जाने की संभावना है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश एवं पात्रता शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें।

अग्निवीर भर्ती 2026 के लिए आयु सीमा एवं शैक्षिक योग्यता

अग्निवीर भर्ती 2026 के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को भारतीय सेना द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करना अनिवार्य है। अग्निवीर भर्ती 2026 में केवल वही अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं, जो आयु सीमा और शैक्षणिक योग्यता से संबंधित सभी शर्तों को पूरा करते हैं। पात्रता मानदंडों को पूरा न करने की स्थिति में उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अग्निवीर वैकेंसी 2026 के अंतर्गत भारतीय सेना अग्निवीर परीक्षा 2026 की विस्तृत पात्रता-आयु सीमा 17.5 वर्ष से 21 वर्ष,शैक्षणिक योग्यता उम्मीदवार का 10वीं/मैट्रिक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, न्यूनतम 45ः कुल अंक तथा प्रत्येक विषय में 33ः अंक राष्ट्रीयता भारतीय नागरिक लिंग पुरुष एवं महिला पदों के लिए 12वी और आई टी आई पास युवा भी आवेदन कर सकते है।

### जिले के कर्मचारी 15 को देंगे ज्ञापन

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश के स्कूलों मैं टीईटी की परीक्षा अनिवार्य किये जाने के विरोध मे सभी शिक्षकों मैं भारी आक्रोश है मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय आवाहन पर सभी जिला मुख्यालयों पर इस निर्णय के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर करने के लिए मप्र सरकार से मांग करने के लिए संघ अशोकनगर जिले मे 15 मार्च रविवार को मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव के नाम एक ज्ञापन पत्र स्थानीय जिला कलेक्टर को सौपेगा। इसमे पूरे जिले के शिक्षक बीआरसीसी कार्यालय अशोकनगर के बाहर एकत्रित होकर एक रैली के रूप मे कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन पत्र सौपेंगे। ज्ञापन पत्र मैं प्रमुख मांग टीईटी को शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू होने की दिनांक से लागू करने और पहले के नियुक्त शिक्षकों को इस परीक्षा से मुक्त करने की मांग की जाएगी। इस बीप से 1998,2001,2003,2005 मैं नियुक्त मप्र के लगभग डेढ़ लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे है।तथा इसके बाद नियुक्त शिक्षको को भी अन्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हेंडलूम पार्क चंदेरी में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

महिला सुरक्षा शाखा पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च से 12 मार्च तक महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

इसी तारतम्य में गुरूवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कँवर एवं एसडीओपी चन्देरी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदेरी निरी. प्रशांत यादव द्वारा पर्यटन विभाग के माध्यम से प्रशिक्षित की गई महिलाओं तथा चन्देरी क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ को सम्मिलित कर हेण्डलूम पार्क चन्देरी में एक दिवसीय महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं, स्कूल एवं कॉलेज की छात्राओं सहित लगभग 50-55 महिलाओं एवं छात्राओं ने जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता की।



जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं को पर्यटन स्थलों पर होने वाली घटनाओं के प्रति सतर्कता बरतने, टीएफसी संबंधी जानकारी तथा महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही समाज में प्रचलित कुरीतियों जैसे दहेज प्रताड़ना, महिला उत्पीड़न, बाल विवाह तथा नाबालिग बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम के संबंध में जागरूक किया गया।

पुलिस अधिकारियों द्वारा महिलाओं से सुझाव भी प्राप्त किए गए तथा उन्हें लैंगिक भेदभाव समाप्त करने और समाज में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन महिलाओं का उत्साहवर्धन भी किया गया, जिन्होंने स्थानीय स्तर पर कुरीतियों, बाल विवाह अथवा महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम में सराहनीय कार्य किया है। इसके अतिरिक्त महिलाओं को सायबर हेल्पलाइन 1930, महिला हेल्पलाइन 1090 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाईन 112 आदि की जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा, थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशांत यादव, तहसीलदार चंदेरी दिलीप दरोगा, उपनिरीक्षक जूली रघुवंशी, आरक्षक सतीश वर्मा, आरक्षक योगेन्द्र रघुवंशी, महिला आरक्षक रोली राजा चैहान एवं पर्यटन गाइड मुज्जफर अंसारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बोलेरो कार की टक्कर से युवक घायल

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम सुहागपुर निवासी विनोद रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बुलेरो कार क्रमांक एमपी 67 सी 3361 के चालक ने अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत सिरोंटा की पुलिया के पास ग्राम तारई के समीप एक हरे रंग के अज्ञात ट्रेक्टर के चालक ने बाईक में टक्कर मार दी इस घटना में मुनीम कटारिया उम्र 30 साल निवासी ग्राम जारोली थाना बहादुरपुर की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### बस ने डीजे वाहन को टक्कर मारी

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम बांकलपुर निवासी मोहन आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जय माता दी बस क्रमांक एमपी 41 जेड जे 7210 के अज्ञात चालक ने भांतपुरा स्कूल के सामने अपनी बस को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसके डीजे वाहन में टक्कर मार दी। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### दो बाइकें आपस में भिड़ीं एक घायल

**अशोकनगर।** स्थानीय मोहरी कृषि उपज मंडी के समीप दो बाईक आपस में टकरा गईं। इस घटना में एक युवक घायल हो गया। घटना के बारे में बताया गया है कि रविन्द्र पुत्र रामभरोसा अरिहवार निवासी ककराई ने बताया कि वह मंडी के समीप रोड किनारे बाईक लेकर खड़ा था, तभी एक बाईक चालक आया और बाईक में टक्कर देता हुआ चला गया, जिससे युवक को चोटे आई हैं।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत माता मढ़ मोहल्ला निवासी सोनू रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरिओम साहू, सत्तार खान, अंकित कलावत, संजय साहू ने उसके घर में घुसकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लखेरी बसारती निवासी बाबूलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पुत्र ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरिया महू निवासी चुन्नीलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मंगी, बल्लू,विनय और विशाल सरदार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तगारी निवासी दयाराम लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्याण, छत्रपाल और अनिल लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांधी नगर मोहल्ला निवासी धनराज बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मेन्द्र ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### जनगणना 2027: एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में ई-दक्ष केन्द्र कलेक्ट्रेट अशोकनगर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में सीएमएमएस पोर्टल पर हैण्ड्स ऑन एवं डीसीएचबी का कम्प्यूटर पर जनगणना 2027 संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपादित किया जाना है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य मध्यप्रदेश राज्य में 01 मई, 30 मई, 2026 की अवधि में किया जाना है। प्रशिक्षण में सीएमएमएस पोर्टल पर हैण्ड्स ऑन एवं डीसीएचबी का कम्प्यूटर पर जनगणना 2027 संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही जनगणना निदेशालय से प्राप्त निर्देशानुसार ऑनलाईन की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

---

### जिले भर में मनाई गई भगवान आदिनाथ स्वामी की जन्म जयंती

# विश्व युद्ध की राह पर खड़ी दुनिया को रिषभदेव के सिद्धांतों की जरूरत: धुर्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

युग के आदि में अषि मसि कृषि विद्या वाणिज्य शिल्प का उपदेश देने वाले जैन दर्शन के प्रथम तीर्थंकर इस धरती के पहले चक्रवर्ती सम्राट राजा रिषभ देव जिन्हें आदि ब्रह्मा आदिनाथ स्वामी के नाम से जाना गया उनकी जन्म जयंती श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में जिन शासन एकता संघ के संयोजन में भक्ति भाव पूर्वक मनाई गई।

इस दौरान राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ द्वारा डॉक्टर्स, वकील, शिक्षाविदो, प्रशासनिक अधिकारियों सभी धर्मों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर भगवान आदिनाथ जी का जन्म कल्याणक बहुत ही प्रभावना के साथ मनाया। समारोह के प्रारंभ में भगवान श्री आदिनाथ स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री विजय धुर्रा मंत्री शैलेन्द्र श्रागर जिन शासन एकता संघ के अध्यक्ष विपिन सिंघई हेमंत टडैया सहित अन्य प्रमुख जनों दारा किया गया।





#### श्री आदिनाथ जयंती समारोह पर हुआ भगवान का महा मस्तिष्काभिषेक

समारोह को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि आज का पवित्र पावन दिन हमारे वर्तमान काल के प्रथम तीर्थंकर 1008 श्री आदिनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव का है। राजा रिषभ देव इस धरती के पहले सम्राट थे उन्होंने अषि मसि कृषि विद्या वाणिज्य शिल्प का उपदेश देकर मानवता की कड़ियों को फिर से एक सूत्र में बंधा आज उनके सिद्धांतों की विश्व को आवश्यकता है। विश्व शांति के लिए राजा रिषभ देव के सिद्धांतों को अपनाने की जरूरत है। जिन शासन एकता संघ के अध्यक्ष विपिन सिंघई ने कहा कि हमारे जिले में भरपूर पूरा सम्पदा भरी पड़ी है दर्शन तीर्थ थूवोनजी चन्देरी कदवाया,तूमैन, भियां दांत जहां भगवान रिषभ देव आदिनाथ की विशाल प्रतिमाए जगत को विश्व शांति का सन्देश दे रही हैं। हम सब उनके उपदेश से अपने जीवन को धन्य बनाये।

#### नर से नारायण बनने की कठिन डगर को दिखाया

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से दिनेश रघुवंशी ने कहा कि नर से नारायण बनने की कठिन डगर पर राजा रिषभ देव चले उनकी घनघोर तपस्या का वेदों में विशेष उल्लेख किया गया है। उसी तपस्या के कठोर पथ पर हमारे आचार्य भगवंत विद्या सागर जी महाराज राष्ट्र संत श्री सुधासगार जी महाराज चल रहे हैं। हमने उनकी कठिन साधना को नगर में देखा है उनके सान्निध्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सतावदी समारोह इस गंज मैदान में मनाया गया। जैन युवा वर्ग से डा हेमंत टडैया ने कहा कि राजा रिषभ देव नारी शिक्षा के प्रवल पक्षधर थे उन्होंने बेटियों की शिक्षा को अनिवार्य मानते हुए स्वयं राज्य व्यवस्था में व्यस्त रहते हुए भी ब्रह्ममी सुन्दरी को अंक अक्षर का ज्ञान कराया कर सभी कलाओं में पारंगत कराया। हमें इस बात से शिक्षा लेना है कि हम ऐसे विद्यालयो में वच्चो को पड़ने जहां बेटा बेटियो के अलग बैठने की व्यवस्था हो चाहता है ऐसी शिक्षा का प्रसार करना है।

#### जैन समाज अध्यक्ष ने धन्यवाद कर किया बहुमान

इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल ने सभी महानुभावों को आदि ब्रह्म परमेश्वर श्री आदिनाथ भगवान के जन्म एवं तप कल्याणक महा महोत्सव की बहुत बहुत बधाइयां शुभकामनाएं देते हुए सभी आगंतुक अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सभी के प्रेरणा दायक विचार से हम अपने जीवन को और अधिक उन्नत बनायेंगे इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद मध्य भारत के धर्म प्रमुख डॉ दीपक मिश्रा अशोक रधुवंशी रिषभ बाझल राकेश गुप्ता सहित सभी प्रमुख जनो का पंचायत कमेटी द्वारा बहुमान किया गया ।

इस दौरान जगत कल्याण की कामना के लिए महा शांति धारा की गई जिसका सौभाग्य दिनेश महिदपुर अभिजीत कुमार वरखेडा.सुचितकुमार सचिन कुमार कासल रिषभकुमार बहादुरपुर राजीव कुमार जाट सतेन्द्र कुमार लोकेश कुमार पीरोट धर्मेन्द्र कुमार रोकड़यि सहित अन्य भक्तों को मिला इस दौरान आदिश्वर धाम सुभाष गंज के बड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का एक सौ आठ रिद्धि कलशों से महा मस्तिकाभिषेक किया गया।

#### अड़तालीस दीपों से जगमगाया जिनालय हुई महाआरती

समा को आरती के वाद श्री भक्तावर मंडल सुभाष गंज दारा अड़तालीस दीपों से जगमगाया हुये महाआरती के पहले रिद्धि मंत्रो की आराधना करते हुए श्री भक्तावर जी के संगीत मय पाठ के साथ दीप प्रज्ज्वलन करते हुए एक एक कड़ी के साथ दीप आराधना करते हुए भक्ति संध्या का आयोजन किया गया।

#### जिले भर में मनाई गई आदिनाथ जन्म जयंती

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी का जन्म जयंती आंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में भगवान आदिनाथ स्वामी का अभिषेक के साथ एक सौ आठ रिद्धि मंत्रो से अभिषेक किया गया।

#### भियांदात में मुनिश्री के सान्निध्य में हुई महापूजा

चन्देरी के निकट जंगल में स्थित अतिशयक्षेत्र मियांदात में मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज के सान्निध्य में भगवान आदिनाथ जन्म जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस दौरान भगवान के कलशाभिषेक के साथ अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान आसपास से भक्तों ने पहुंच कर धर्म लाभ लिया।

#### मुंगावली में पालना झुलाकर आदिनाथ जयंती मनाई

मुंगावली में आदिनाथ स्वामी की जन्म जयंती पर भगवान का भक्ति भाव पूर्वक पालना झुलाया गया इस दौरान भगवान आदिनाथ का अभिषेक के साथ ही पूरे विधि-विधान के साथ महा पूजन की गई इस दौरान सभी मन्दिरो में भक्तो जल चन्दन अक्षत पुष्प से विशेष पूजा अर्चना की गई। शाढौरा में भी भगवान आदिनाथ स्वामी की जन्म जयंती पर महिला मंडल द्वारा विशेष दृव्य थाल सजाकर भगवान का गुणगान किया गया इस दौरान भगवान आदिनाथ स्वामी के कलशाभिषेक जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई।

---

### आंवरी माफी में 7 दिन तक चलेगा शिविर

## एनएसएस इकाई के विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

राव माधव हायर सैकेंडरी स्कूल अशोकनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। इस वर्ष 2026 में यह शिविर ग्राम आवरी माफी में दिनांक 12 मार्च से 18 मार्च तक संचालित होगा।

जिसके प्रथम दिवस में शिविर का शुभारंभ सत्येंद्र सिंह रघुवंशी पूर्व सैनिक ,नायक भारतीय थल सेना एवं इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राघवेंद्र सिंह रघुवंशी एवं ग्राम आवरी विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्णपाल यादव द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। जिसके पश्चात राघवेंद्र सिंह द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत एन एस एस की स्वयंसेवियों द्वारा स्वागत गीत गाकर किया। राघवेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की कार्ययोजना का उल्लेख किया गया एवं सभी को राष्ट्र सेवा की शपथ दिलाई गई। सत्येंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा भारतीय थल सेना के अनुभव स्वयंसेवकों से साझा करते हुए देश सेवा हेतु प्रेरित किया के पी यादव ने स्वयंसेवकों को अपना कर्तव्य पूर्ण ईमानदारी से निभाने का अपना तरीका साझा किया कार्यक्रम की बेला में अतिथियों द्वारा स्वयंसेवकों को परेड प्रदर्शन के प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए जिसके बाद सभी अतिथियों विद्यालय स्टाफ एवं स्वयंसेवकों ने भोजन किया एवं आगामी दिन की रूप रेखा तैयार की इस अवसर पर विद्यालय की उप प्राचार्य कु. मुस्कान हुसैन वरिष्ठ शिक्षिका चंदा नरवरिया, रेखा पालीवाल, नेहा खरे ,निशा रघुवंशी, रखी सेन ,पूजा ओझा, आदित्य यादव, राहुल रघुवंशी ,मोहित शर्मा ,दीपक कुशवाह, योगेश शर्मा, अमरदीप सिद्धू एवं इकाई के पचास स्वयंसेवी एवं ग्राम के नौजवान उपस्थित रहे।

## अग्निवीर भर्ती के लिए विद्यार्थियों से संवाद



**अशोकनगर।** शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय अशोकनगर में दिनांक 12 मार्च को आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस भोपाल से एस मेजर जोगिंदर सिंह एवं एनसीओ धुरुव कुमार विश्वकर्मा ने भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्र- छात्राओं से अग्निवीर के रूप में सेना अपनी सेवाएं देने प्रेरित किया एवं आवश्यक जानकारी से अवगत कराया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य बीके बामोरिया, कपिल रघुवंशी उपस्थित रहे।

---

## वुशू खिलाडी रहीं श्रुति सरवईया खेल कोटे से उप्र में सब इंस्पेक्टर के पद पर चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के मुंगावली स्थित छोटे से गांव सरदारपुर की वुशू खिलाडी श्रुति सरवईया पहले वुशू खिलाड़ी रहीं हैं। श्रुति की लगातार मेहनत और लगन के परिणाम स्वरुप श्रुति का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ, जहाँ श्रुति ने खुद को साबित किया और नेशनल में गोल्ड मैडल जीतकर इतिहास रच दिया। श्रुति के प्रदर्शन के आधार पर ही उसका चयन उत्तरप्रदेश पुलिस में खेल कोटे से वुशू आरक्षक के पद पर आगरा में हुआ, जहाँ श्रुति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार प्रदेश को पदक दिलाये।

श्रुति सरवईया एक छोटे से किसान पिता गोविंद सरवईया, माता रमा सर्वाईया की बेटी हैं जो पिछले 12 वर्षो से वुशू खेल रहीं थीं, शुरुआती दिनों में श्रुति अपने पिता के साथ साईकिल पर बैठकर मुंगावली स्थित वुशू ट्रेनिंग सेंटर जाया करती थीं। जहाँ उन्हें कोच विनोद पाल श्रुति और श्रुति की बड़ी बहन नेहा दोनों को वुशु की बारीकीयां सिखाते थे। बाद में राज्य स्पर्धाओं एवं राष्ट्रीय स्पर्धाओं के दौरान श्रुति ने अशोकनगर में मध्यप्रदेश शासन से विश्वामित्र अवार्ड प्राप्त वुशू के एन.आई.एस. कोच ब्रजेश धुरेंटे से समय समय पर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

#### श्रुति का अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन

श्रुति ने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए दक्षिण कोरिया में आयोजित जूनियर एशियन चैंपियनशिप में भारत को कांस्य पदक दिलाया था,राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन श्रुति ने अभी तक 13 वार राष्ट्रीय पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अभी तक 7 गोल्ड, 3 सिल्वर, 3 ब्रॉज़ मैडल जीतकर न






सिर्फ अपने जिले बल्कि पूरे मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया है। मध्यप्रदेश शासन से पुरुस्कार श्रुति को मध्यप्रदेश शासन ने शानदार प्रदर्शन के चलते वर्ष 2022 में एकलव्य पुरुस्कार से सम्मानित किया था। अभी तक अशोकनगर जिले को वुशू खेल में 6 अवार्ड प्राप्त हो चुके हैं जिसमें 4 खिलाड़ियों को एकलव्य, 1 खिलाडी को विक्रम एवं कोच को विश्वामित्र अवार्ड से नवाजा गया है।

#### बधाइयां शुभकामनाएं

श्रुति की इस उपलब्धी पर मध्यप्रदेश वुशू संघ के अध्यक्ष मध्यप्रदेश पुलिस विभाग में एन.सी.आर.वी.के मुखिया एडी.जी.पी. सीनियर जयदीप प्रसाद, सचिव मनोज गुप्ता सहित जिला वुशु संघ के अध्यक्ष दया सिंह संधू, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, मुंगावली विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव, अर्जुन सिंह यादव, श्रुति के कोच विनोद पाल,सीनियर खिलाडी राजकुमार खरे, भूरक्षा दुबे, सुरभि नामदेव, मुस्ताक खान, राजदीप सिंह सहित श्रुति के पिता गोविंद सिंह, माता रमा बाई व खेलविभाग के अधिकारी अरुण रघुवंशी ने श्रुति को बधाइयाँ दीं हैं

---

परिवार के लोग घबरा कर उठे, कार में सवार 3 लोग घायल

## रात 3 बजे एक कार असंतुलित होकर दुकानों से टकराई, दीवाल गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

स्थानीय आरोन रोड पर 3 बजे रात्रि के समय एक कार सडक किनारे बने मकान और दुकानों में जा टकराई। इस घटना में सड़क के किनारे बने तीन मकानों के हिस्से क्षति ग्रस्त हो गए जिनमें एक दीवाल टूट गई। पहले इस वाहन से मकानों के छज्जे टूटे और बाद में मकानों की दीवाल तोड़ते हुए सीधे अंदर जा घुसी।

कार का नंबर एमपी 08 जेडए 0360 है इस घटना के बारें बताया गया है कि वह अपने घरों में सो रहे थे उसी समय तेज आवाज आई रतिराम सेन ने बताया कि वह अपने मकान की दूसरी मंजिल पर सो रहा था, तभी उसने ऊपर से देखा कि एक कार उनके मकान के निचले हिस्से में जा टकराई है। इस घटना के दौरान बताया गया है कि उक्त कार में 3 लोग सवार थे, इन सभी को चोटे आई हैं, जिन्हे जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। घायलों में अरबन साहू, अंश रघुवंशी, आशीष यादव, शामिल हैं। इस दौरान रतिराम सेन ने बताया कि वह रात में जब वह सो रहे थे तभी








तेज आवाज आई ऐसा लगा कि कोई विस्फोट हो गया हो। हम ऊपर से नीचे आए, तीनों जो कार में सवार बैठे थे उनकों चोटे आई हैं। उनका आगे का मकान का हिस्सा टूट गया है जिससे उनके मकान को नुकसान हो गया है। इस घटना में घायलों को डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से वह अस्पताल छोड़कर चले गए। इस घटना में 5 लोगों के कार में सवार होने की बात की जा रही है लेकिन उनमे 3 लोग घायल हुए है। इस घटना में कार का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया गया है कि यह घायल गुना जिले के हैं और विदिशा रोड से आकर आरोन रोड की ओर जा रहे थे, इस घटना में जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं उन्होंने मुआवजा दिए जाने की मांग की है। तुलसीराम,दिनेश और राजेश शर्मा ने एक आवेदन भी पुलिस को सौंपा है जिसमें 3 से 5 लाख रूपए की मांग की गई है।

संभावना जताई गई है कि कार में सवार सभी लोग हो सकता है कि किसी शादी विवाह से वापिस लौट रहे हों और रात्रि में नींद आने के कारण यह वाहन इन दुकानों में घुस गया हो, लेकिन इस घटना को लेकर घायलों से कोई चर्चा नही हो सकी है। यह कार में सवार लोग कहां से आए थे कहां जा रहे थे इस घटना के बाद आरोपी अपनी कार जो थार कंपनी की है उसे मौके पर ही छोडकर चले गए हैं। उन्होंने समझा कि ऐसा न हो कि जिनके मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं वह उन्हें न घेर लें इस कारण वह वाहन को छोड़कर डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल आने के बाद नदारत हो गए। सुबह जब जिला अस्पताल जाकर घायलों को देखा गया तो कोई भी घायल नहीं मिले लेकिन 3 घायलों का उपचार किए जाने की जानकारी मिली है। इस घटना में यह अच्छा हुआ कि यह घटना रात को हुई दुकानें बंद थी अगर यही घटना दिन में हुई होती तो, बड़ी घटना हो सकती थी। हालांकि यह मार्ग काफी चैड़ाई वाला है। यहां से वाहन आसानी से आ जा सकते हैं, पर्याप्त चैड़ाई का मार्ग होने के बाद भी इस तरह की घटना होना यही दर्शाती है कि कार में सवार सभी लोग नींद में होंगे तभी यह घटना हुई।

---

### ऑनलाईन बुकिंग नहीं होने से उपभोक्ता परेशान, गैस एजेसियों के बाहर किसी तरह की कोई सूचना नहीं

# जिले में गैस सिलेंडरों को लेकर हाहाकार, रेल लाइन पार सप्लाई बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दुनियां के कईं देशों के बीच चल रहे युद्ध के बाद अशोकनगर जिले में घरेलु गैस सिलेण्डर के साथ कर्मिशयल गैस सिलेण्डरों की सप्लाई ठप्प चल रही है जिसके कारण न तो बुकिंग हो पा रही है और न ही जिले में खाद्य विभाग के साथ गैस एजेसियों के डीलरों द्वारा उपभोक्ताओं को कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। जिसके कारण घरों में गैस सिलेण्डर की कमी के साथ होटल, रेस्टोरेंट चलाने वाले लोगों के यहां भी कर्मिशयल सिलेण्डर नहीं मिल पा रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी शादी समारोह आयोजकों के यहां हो रही है।

#### हेल्पलाइन नंबर बंद

अशोकनगर जिले में अगर ईंधन गैस की बात करें तो यहां इण्डेन कंपनी के द्वारा ही डीलर नियुक्त किए गए हैं जिले मे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर कुल 15 गैस एजेसियां कार्यरत हैं। जिले में 1 लाख 77 हजार 761 घरेलु गैस उपभोक्ता हैं, जबकि 776 कर्मिशयल उपभोक्ता हैं। जिला खाद्य अधिकारी प्राची शर्मा ने बताया कि दो दिन पहले इस संबंध में एक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई थी और घरेलु गैस से लेकर कॉर्मिशयल गैस सिलेण्डरों को लेकर समीक्षा की गई थी। उधर दूसरी ओर उपभोक्ताओं की बात करें तो उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डर की बुकिंग करने के लिए जो नंबर जारी किया गया है, गैस की किल्लत आने के बाद उस नंबर पर ऑन लाईन बुकिंग नहीं हो रही है। जो हेल्पलाईन नंबर जारी किए गए हैं उन नंबरों पर भी कोई घण्टी नहीं जा रही है। ऑन लाईन बुकिंग के लिए किसी तरह के कोई नबंर उपलब्ध नहीं है। खाद्य विभाग से लेकर गैस एजेसियों द्वारा किसी तरह के कोई नंबर भी जारी नहीं किए गए है। जो इंण्डेन गैस एजेंसी के वितरक है







उन वितरकों के यहां भी किसी तरह की कोई सूचना चस्पा नहीं कि घरेलु गैस सिलेण्डर के लिए ऑन लाईन किस नंबर पर बुकिंग करें, न ही कॉमिशयल के लिए भी बुकिंग की कोई व्यवस्था है। ऑनलाईन के साथ आफलाईन बुकिंग की भी कोई व्यवस्था नहीं है, अब उपभोक्ता जाए तो कहां जाए।

#### उज्जवला उपभोक्ता बेहाल

सबसे ज्यादा परेशान उज्जवला गैस योजना के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं, जिनकी जिले में संख्या 47518 है, इन उपभोक्ताओं को पहले इस योजना का लाभ दिखाया गया, जब पूरी तरह से उपभोक्ता गैस सिलेण्डर पर निर्भर हो गए तब उन्हें गैस सिलेण्डर उपलब्ध नही हो रहे हैं, यही स्थिति आम उपभोक्ता की है। यह समस्या शहर मे भयानक रूप ले सकती है। रेलवे लाईन के उस पार की बात करें तो वहां के कईं इलाकों में उपभोक्ताओं को पाईप लाईन के सहारे गैस की सप्लाई हो रही है। लेकिन कुछ इलाके ही लाभान्वित हो रहे हैं, 90 प्रतिशत शहर के उपभोक्ता परेशान है न तो केरोसीन का तेल मिल रहा है न अब केरोसीन तेल से चलने वाले स्टॉप बचे हैं न लकड़ी हैं न कण्डे हैं। ऐसे में आदमी को रोटी मिलना भी मुश्किल हो रहा है, इस समस्या का निदान कब तक होगा, इस सबंध में कोई अधिकारिक जानकारी भी खाद्य विभाग द्वारा जारी नहीं की गई है। यह समस्या कब तक चलेगी, अगर समस्या लंबी चलती है तो लोग बिजली से चलने वाले इंडेक्स कंपनी के गैस चूल्हे खरीदने पर मजबूर हैं, उनके पास एक मात्र विकल्प यहीं रह गया है। इसके अलावा गैस एजेसियों के पास कितने गैस सिलेण्डर स्टॉक में उन सिलेण्डरों का वितरण गैस ऐजेसियां कैसे कर रही हैं, इसकी भी जानकारी जुटाई जाना चाहिए। अगर बुकिंग नहीं हो रही तो सिलेण्डर कहां जा रहे हैं, सिलेण्डरों की सप्लाई जहां से भी अशोकनगर जिले को होती है क्या वह सप्लाई जारी है या उस सप्लाई पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में भी कोई जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।

### आईएएस अधिकारियों से संपर्कों का हवाला देकर बेरोजगारों को झांसे में लेता था

# लग्जरी शौक पूरा करने युवाओं से ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार




## पशुपालन लोन स्वीकृत करवाने के नाम पर भी करता था ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भोलेभाले बेरोजगार युवाओं को आईएएस अधिकारियों से अच्छी पेठ और सपंर्कों का हवाला देकर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी बंटी उर्फ कृष्णमोहन वर्मा निवासी बाराद्धारी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस की विवेचना में यह तथ्य भी सामने आया है कि आरोपी बंटी ठगी से मिलने वाले रुपयों से अपने मंहगे शौक पूरे करते हुए लग्जरी लाइफ जी रहा था। उसने इसी राशि से अनेकों मंहगे घरैलू, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित अन्य लग्जरी सामान खरीदे। पुलिस ने उन सामानों को भी जब्त कर लिया है। अधिकतर मामलों में आरोपी बंटी नौकरी व पशुपालन पर लोन दिलाने का झांसा बेरोजगारों को दिया करता था।

### ऐसे सामने आया था मामला

राजगढ़ के ही वार्ड-14 बाराद्धारी निवासी सुनील पिता शिवनारायण नागर एवं नानूराम पिता अमरलाल सुतार ने अपने साथ हुई ठगी संबंधी शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने उस समय आवश्यक धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध करते हुए मामला जांच में लिया। विवेचना के दौरान सामने आया कि आरोपी बंटी उर्फ कृष्ण मोहन पिता रतनलाल वर्मा निवासी बाराद्वारी राजगढ़ लोगों को यह विश्वास दिलाता था कि उसकी वरिष्ठ अधिकारियों से अच्छी पहचान है और वह वन विभाग सहित अन्य विभागों में नौकरी लगवा सकता है। आरोपी बंटी ने इसी तरह के झांसे देकर बेरोजगारों से अलग-अलग समय पर करीब 70 लाख रुपए ठगे। कुछ राशि नकद तो कुछ खातों में ट्रांसफर करवाई।


पूर्व आईएएस के नाम पर नौकरी लगवाने का झांसा

नौकरी के नाम पर ठगी! आरोपी पर 1 करोड़ से ज्यादा हड़पने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी का सपना दिखाकर करोड़ों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी बंटी पर 1 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अलग-अलग युवाओं से लेने का आरोप है। वह खुद को ऊंचे राजनीतिक और प्रशासनिक संपर्कों वाला बताकर पूर्व आईएएस अधिकारी के नाम का हवाला देता था और मंत्रालय स्तर तक पहुंच होने का दावा करता था।

5 से 15 लाख की करता था वसूली

पीड़ित युवाओं के मुताबिक आरोपी उन्हें मंत्रालय और विभागीय अधिकारियों से सीधी सेटिंग का भरोसा दिलाता था। बदले में मोटी रकम लेकर नियुक्ति पत्र दिलाने का वादा करता। कई युवाओं से 5 लाख से लेकर 15 लाख रुपए तक की वसूली किए जाने की बात सामने आ रही है। कुछ मामलों में फर्जी नियुक्ति पत्र और जॉइनिंग से जुड़े दस्तावेज भी दिए गए, जो बाद में जांच में संदिग्ध पाए गए। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार पूछताछ में कई मंत्रालय स्तर के अधिकारियों के नाम सामने आ सकते हैं। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं यह पूरा नेटवर्क संगठित गिरोह के रूप में तो काम नहीं कर रहा था। जिले में इस मामले से हड़कंप मच गया है। बड़ी संख्या में बेरोजगार युवक-युवतियां सामने आने की तैयारी में हैं। यदि सभी पीड़ित सामने आते हैं तो ठगी की रकम और बढ़ सकती है। पुलिस बैंक खातों, कॉल डिटेल और दस्तावेजों की गहन जांच में जुटी है।

ऐसे देता था नौकरी का झांसा

खुद को बड़े अधिकारियों का करीबी बताता था पूर्व आईएएस के नाम का लेता था सहारा मंत्रालय में सीधी पहुंच का करता था दावा।

पुलिस जांच के घेरे में ये बिंदु
- बैंक ट्रांजेक्शन और खातों की जांच
- कॉल रिकॉर्ड और चैटिंग की पड़ताल
- क्या किसी अधिकारी की मिलीभगत?
- और कितने बेरोजगार बने शिकार?

लाखों रुपये लेकर देता था फर्जी आश्वासन कुछ युवाओं को थमाए गए संदिग्ध नियुक्ति पत्र यह भी जांच का विषय है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में ठगी की पुष्टि के संकेत मिले हैं। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। वहीं पीड़ितों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और राशि वापस दिलाने की मांग की है।

इनका कहना है...
हम जल्दी ही आरोपी से पूछताछ कर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।
मंजु मखानिया, टीआई राजगढ़

### वल्लभ भवन में अच्छे संपर्कों का देता था हवाला

आरोपी पीड़ितों को कई बार भोपाल के वल्लभ भवन लेकर जाता था और उन्हें बाहर बैठाकर यह कहता था कि अधिकारियों से बात हो गई है और जल्द ही नौकरी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस प्रकार आरोपी लंबे समय तक झूठे आश्वासन देकर लोगों को गुमराह करता रहा। इसके अतिरिक्त आरोपी द्वारा कुछ व्यक्तियों को नाबार्ड के माध्यम से लगभग 1 करोड़ 35 लाख रुपये का पशुपालन लोन स्वीकृत करवाने का झांसा देकर भी उनसे रुपये लिये गये।

### बेरोजगार युवकों को बनाया निशाना

विवेचना में यह भी सामने आया कि आरोपी द्वारा मुख्य रूप से "आर्थिक रूप से कमजोर बेरोजगार युवकों को नौकरी व लोन दिलाने का झांसा देकर उनसे रुपये प्राप्त किये गये"।

### पुलिस ने यह माल किया जब्त

पुलिस ने आरोपी के पास से 90 हजार रुपए नकद जब्त किए वहीं बैंक में 5 लाख 25 हजार रुपए के गोल्ड लोन पर होल्ड लगवाया। एक अन्य प्रकरण में 30 हजार नकद, सोने की अंगूठी, कान के टाप्स, ज्वेलरी के बिल जब्ती में लिए गए हैं। इसके साथ ही उसके घर से 2 एसी, 02 एलईडी, 01 वाशिंग मशीन, कूलर, फ्रीज सहित अन्य सामान जब्ती में लिया।

### रेड क्रॉस सोसाइटी की सेवा भावी पहल बनी चर्चा का विषय

# पोस्टमार्टम रूम के बाहर 'परिजन विश्राम स्थल' का निर्माण, नगर को मिला मर्चुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़




मानव सेवा और सामाजिक संवेदनशीलता के लिए जानी जाने वाली संस्था भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की उप शाखा नरसिंहगढ़ द्वारा जनहित में की गई एक महत्वपूर्ण पहल इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। संस्था द्वारा शोकग्रस्त परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पोस्टमार्टम रूम के बाहर 20×30 फीट का विशाल शेड बनाकर "परिजन विश्राम स्थल" का निर्माण कराया गया है।

यह कार्य उप शाखा नरसिंहगढ़ के अध्यक्ष एवं एसडीएम सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन और निर्देशन में तथा जिला शाखा राजगढ़ के सचिव एड. संजय शेखर शर्मा के विशेष प्रयासों से पूर्ण हुआ है। पूर्व में पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के परिजनों को लंबे समय तक धूप, बारिश और अन्य प्रतिकूल परिस्थितियों में खड़े रहकर इंतजार करना पड़ता था, जिससे उन्हें काफी असुविधा होती थी। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा यह मानवीय पहल की गई और पोस्टमार्टम रूम के बाहर एक सुसज्जित शेड का निर्माण कराया गया, जिसे "परिजन विश्राम स्थल" नाम दिया गया है। अब यहां परिजनों को बैठने और ठहरने की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे उन्हें कठिन समय में कुछ राहत मिल सकेगी। इसी के साथ रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर में मर्चुरी फ्रीजर की व्यवस्था भी की गई है। अब तक नरसिंहगढ़ क्षेत्र में डेड बॉडी को सुरक्षित रखने के लिए ऐसी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण कई बार परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा नगर के लिए एक मर्चुरी फ्रीजर क्रय किया गया है, जिससे आवश्यकता पड़ने पर शव को सुरक्षित रखा जा सकेगा।

रेड क्रॉस सोसाइटी की इस पहल को क्षेत्रवासियों ने मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा सराहनीय कदम बताया है। संस्था के पदाधिकारी का कहना है कि रेड क्रॉस का मूल उद्देश्य संकट और कठिन परिस्थितियों में लोगों की सहायता करना है और इसी भावना को ध्यान में रखते हुए भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा ने बताया गया है कि आने वाले समय में संपूर्ण राजगढ़ जिले में भी इस प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है ताकि आमजन को आवश्यकता के समय बेहतर सहयोग मिल सके।

### ढाबला गांव में घटना हुई

# सिंचाई करते में करंट फैलने से 2 चचेरे भाइयों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के बोड़ा क्षेत्र के तहत आ रहे ढाबला गांव में गुरुवार को बड़ी अनहोनी सामने आई। खेत में सिंचाई करने के दौरान करंट फैलने से दो चचेरे भाईयों की दुःखद मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिखकर पंचनामा उपरान्त उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार ढाबला गांव निवासी कमल पिता मानसिंह उम्र 35 वर्ष खेत में सिंचाई कर रहे थे। इस दौरान खेत में भरे पानी में अचानक करंट फैलने से कमल अचेत होकर तड़पने लगे। अपने भाई को तड़पता देख समीप ही खड़े उनके चचेरी भाई देवीसिंह उम्र 45 वर्ष उन्हें बचाने के लिए दौड़े लेकिन वे भी करंट की चपेट में आ गए और दोनों भाईयों का दुःखद प्राणांत हो गया।

### मोटर या तार में खराबी

पुलिस की शुरूआती जांच में विद्युत मोटर और उससे जुड़े तार में कट(खराबी) होनी की बात सामने आई है। पुलिस घटना की पूरी जांच में लगी हुई है। पोस्टमार्टम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिए गए। घटना के बाद न केवल ढाबला बल्कि समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

# हाईवे की सरकारी जमीन पर निजी रास्ता बनाने की तैयारी

### सेमलखेड़ी पुलिया के पास पाइप रखे, प्रशासन पर सवाल




कुरावर। नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर सेमलखेड़ी पुलिया के पास हाईवे की शासकीय भूमि से निजी रास्ता बनाने की कोशिश का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक निजी भूमि स्वामी अपनी जमीन तक सीधा रास्ता निकालने के लिए नेशनल हाईवे की अधिग्रहित सरकारी जमीन का उपयोग करने का प्रयास कर रहा है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है और प्रशासन से कार्रवाई की मांग उठने लगी है।

#### क्या है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार कुरावर नगर से लगे ग्राम सेमलखेड़ी पुलिया के पास स्थित नेशनल हाईवे की सर्वे भूमि क्रमांक 854 (एस) में दर्ज लगभग 0.0380 हेक्टेयर (करीब 4000 वर्गफीट) भूमि पूरी तरह शासकीय है और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिग्रहण में आती है। इस स्थान से करीब 200 फीट दूरी पर एक निजी कृषि भूमि स्थित है, जिसका रास्ता राजस्व अभिलेखों में पीछे की ओर से दर्ज है और वर्तमान में पगडंडी के रूप में उपयोग होता आ रहा है।

#### इनका कहना है

जब इस मामले में नरसिंहगढ़ एसडीएम सुशील कुमार से बात की गई तो उन्होंन कहा कि उन्हें इस संबंध में मुझे फिलहाल कोई जानकारी नहीं है और नेशनल हाईवे की अधिग्रहित भूमि पर रास्ता देने का अधिकार उनके पास भी नहीं है। ऐसे में अब सवाल उठ रहा है कि क्या प्रशासन इस पूरे मामले की जांच कर सच्चाई सामने लाएगा या नहीं।

### हाईवे अथॉरिटी द्वारा करवाया जा रहा यह कार्य

# रिज इन्सपेक्शन मशीन से परखी नेवज पुल की गुणवत्ता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा हाईवे स्थित सभी बड़े ब्रिजों की क्वालिटी चेक करवाई जा रही है ताकि अगर कहीं कोई खामी हो तो उसे दूर किया जा सके। इसी कड़ी में हाईवे अथॉरिटी द्वारा गुरुवार को मुख्यालय स्थित नेवज नदी के बड़े पुल की जांच के लिए ब्रिज इन्सपेक्शन मशीन भिजवाई गई।

इस मशीन के द्वारा पुल के पिलरों को चेक किया गया कि कहीं उनमें किसी तरह की दरार या मरम्मत की आवश्यकता तो नहीं है। मशीन संचालन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि न केवल नेवज नदी बल्कि जिले की सीमा में विभिन्न नदियों पर बने अधिक ऊंचाई वाले पुलों का इन्सपेक्शन मशीन से करवाए जाने के निर्देश मिले हैं। जिन पुलों की क्वालिटी या मेंटनेन्स को मजदूरों द्वारा रूटीन तरह से नहीं परखा जा सकता, उन पुलों का इन्सपेक्शन इस मशीन के द्वारा करवाया जाता है। मशीन से करवाई गई इस जांच में पुल के पिलर, ऊपरी सतह में किसी तरह की कोई खामी, गड़बड़ी या मरम्मत की आवश्यकता सामने नहीं है।

#### हाईवे के दोहरीकरण के समय बनवाया गया था यह पुल

आपको बतादें कि साल 2016 में मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कारपोशन(एमपीआरडीसी) द्वारा ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक हाईवे का दोहरीकरण करवाया गया था। इसी दौरान आवश्यकता को देखते हुए नेवज नदी पर पूर्व से स्थित ब्रिज के पेरेलर लेकिन अधिक ऊंचाई पर इस पुल को बनाया गया था।

# शासकीय कन्या उमावि में 68.22 लाख से बनेगा प्रयोगशाला कक्ष

### छात्राओं को मिलेगी आधुनिक सुविधा



**नरसिंहगढ़-** शासकीय कन्या उमावि में छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 68.22 लाख रुपये की लागत से प्रयोगशाला कक्ष का निर्माण किया जाएगा। गुरुवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भवन निर्माण कार्य का विधायक मोहन शर्मा द्वारा विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला कक्ष के निर्माण से छात्राओं को विज्ञान विषय की पढ़ाई में विशेष सुविधा मिलेगी।

#### विज्ञान प्रदर्शनी का किया अवलोकन

कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने विद्यालय की छात्राओं द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों के माध्यम से विज्ञान के सिद्धांतों को प्रस्तुत किया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की।

# मां सरस्वती एकेडमी में वार्षिक उत्सव पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**जीरापुर** - मां सरस्वती एकेडमी में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव एवं पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। जहां पर स्कूली बच्चों द्वारा संगीत पर मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई। छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति के गीतों, मालवी , राजस्थानी झलकियों के साथ नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी। वहीं स्वस्थ शरीर के लिए कुछ बच्चों द्वारा योग एवं शारीरिक व्यायाम का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। विगत शैक्षणिक सत्र के दौरान कक्षा 10 वीं के छात्र योगेश बैरागी द्वारा जिले की प्रावीण्यता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर संस्था प्राचार्य सुरेश कुमार सुमन द्वारा 21 हजार रुपए की नकद राशि एवं प्रबंधक अतुल कुमार गौड़ व अध्यापिका सरिता बैरागी द्वारा भी नकद राशि पुरस्कार स्वरूप भेंट की गई छात्र को नकद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में भूतपूर्व सैनिक संगठन जिला अध्यक्ष हिन्दू सिंह दांगी, खिलचीपुर ब्लाक अध्यक्ष मुकेश दांगी, कोषाध्यक्ष दिनेश सेन, विष्णु सुमन ,बी.ई.ओ. राम बाबू पाटीदार, बी.आर.सी. गजेन्द्र शर्मा अतिथि के रूप में एवं विजय कुमार गुप्ता ,दिलीप टेलर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती पर होगा तीन दिवसीय महोत्सव

ब्यावरा। साहू समाज नगर समिति, महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल ब्यावरा द्वारा भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी की 1010वीं जयंती के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 13 मार्च से 15 मार्च 2026 तक साहू समाज धर्मशाला, ब्यावरा में आयोजित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत 13 मार्च 2026, शुक्रवार को प्रातः 11 बजे विशाल रक्तदान शिविर से होगी। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से संगीत, नृत्य एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन 14 मार्च 2026, शनिवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें प्रतिभागी अपनी सामग्री स्वयं लेकर आएंगे। इसी दिन शाम 7 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के अंतिम दिन 15 मार्च 2026, रविवार को प्रातः 8 बजे से हवन-पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके बाद प्रातः 8 बजे वाहन रैली निकाली जाएगी। प्रातः 10रू30 बजे नृसिंह गौशाला में गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित होगा। दोपहर 1 बजे पगड़ी सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा तथा दोपहर 2 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात छप्पन भोग महाआरती, पुरस्कार वितरण एवं महाप्रसादी (सहभोज) का आयोजन रात्रि 11 बजे तक किया जाएगा।

### गैस वितरकों के साथ बैठक में कलेक्टर के निदेश

# गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वालों पर की जाएगी एफआईआर



**राजगढ़।** जिले में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं जिला आपूर्ति अधिकारी श्री अजीत सिंह द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की सभी गैस एजेंसियों के संचालकों से विस्तृत जानकारी ली गई। इस दौरान घरेलू एवं व्यवसायिक गैस कनेक्शन, गैस रिफिलिंग की स्थिति, गैस आपूर्ति में आने वाली संभावित समस्याओं तथा एजेंसियों में उपलब्ध वर्तमान स्टॉक की समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि प्रत्येक गैस एजेंसी को अपने पास उपलब्ध सिलेंडरों के स्टॉक की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। इस व्यवस्था का पालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी संबंधित एसडीएम एवं एसडीओपी को दी गई है। साथ ही कहा कि यदि कहीं गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी। बैठक में पाइप्ड नेचुरल गैस के प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने थिंक गैस एजेंसी से जिले में पीएनजी कनेक्शन की कम संख्या के संबंध में जानकारी ली एवं कनेक्शनों की कम संख्या पर नाराजगी जाहिर की।

**दुकानों पर इस्तेमाल न हो घरेलू गैसः** एसपी श्री तोलानी ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में नहीं होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी गैस एजेंसी के बाहर लोगों की अनावश्यक लंबी कतार लगती है, तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दी जाए, ताकि समय रहते व्यवस्था बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही के कारण जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी

### नृत्य प्रस्तुत किया गया

# सेवा सदन में फाग उत्सव टेटवाल ने दी शुभकामनाएं




**सारंगपुर।** फागुन मास के पावन अवसर पर सेवा सदन में फाग उत्सव का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि फागुन मास में प्रकृति का बासंती सौंदर्य चारों ओर दिखाई देता है। पलाश के केसरिया रंग, तरह-तरह के फूलों का खिलना और रंग-बिरंगे फूलों से धरती का श्रृंगार तन-मन में विशेष उत्साह और उमंग पैदा करता है। उन्होंने कहा कि फागुन में राधा और कृष्णा की रंग-गुलाल, अबीर, केसर और फूलों वाली आनंदमयी होली परस्पर प्रेम, स्नेह और समर्पण का संदेश देती है। प्रकृति में रंगों का विशेष महत्व है, जो हमारे जीवन को खुशहाल बनाते हुए आपसी संबंधों और परंपराओं को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ राधा-कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान राधा-कृष्ण की सुंदर झांकी पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। नगर की धार्मिक महिला भजन मंडली द्वारा होली के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं और फूलों की होली खेली गई। "आओ हम खेलें सभी मिल होली" और "आओ हम खेलें फूलों की होली" जैसे भजनों ने वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना वर्मा, रेखा टेटवाल, किरण भल्ला, रजनी व्यास, थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, शकुंतला बामनिया (पचोर) सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# राजगढ़ में बाबा बदख्सानी दरगाह का 112वां सालाना उर्स शुरू

### ग्राहकों के लिए सज गई 400 से ज्यादा दुकानें ,आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




राजगढ़ स्थित सूफी बाबा बदख्सानी दरगाह शरीफ में 112वें सालाना उर्स की शुरुआत 10 मार्च से हो चुकी है, जो 18 मार्च तक जारी रहेगा। उर्स के अवसर पर दरगाह परिसर में जायरीन की भारी भीड़ उमड़ रही है। अकीदतमंद बाबा बदख्सानी की बारगाह में चादर व फूल पेश कर अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं मांग रहे हैं।

उर्स के दौरान दरगाह में महफिल-ए-समा यानी कव्वाली की महफिलें भी सज रही हैं, जहां सूफियाना कलाम से पूरा माहौल रूहानी हो उठा है। वहीं मेले में बाहर से आए दुकानदारों की दुकानें और मनोरंजन के झूले भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

**121 के अधिक सीसीटीवी लगाकर प्रशासन ने बढाई सुरक्षा :** उर्स के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। दरगाह परिसर में 121 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा पुलिस चैकी भी स्थापित की गई है, ताकि किसी भी तरह की घटना से बचाव किया जा सके।




**नवनियुक्त सदर ने हिंदू-मुस्लिम वॉलंटियर को सौंपी कई जिम्मेदारियांः** इस बार दरगाह शरीफ वक्फ बोर्ड के नवनियुक्त सदर मोहम्मद हाफिल इलियास सिद्दीकी के नेतृत्व में नई कमेटी उर्स की व्यवस्थाएं संभाल रही है। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए परिसर में जगह-जगह डस्टबिन और फायर एक्सटिंग्विशर भी लगाए गए हैं। साथ ही हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के वॉलंटियर को भी अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।